RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : मंगलवार 05 मार्च 2024 | वर्ष 05 | अंक 313 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक
# रोकठोक लेखनी
खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

# क्या महाराष्ट्र में 'महायुति' को तोड़ेंगे शरद पवार?

## बारामती में भतीजे अजित को हारने के लिए चला MJ दांव...

**मुंबईः** महाराष्ट्र में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के दो फाड़ होने के बाद से बारामती लोकसभा सीट सुर्खियों में है। इस सीट पर पहली बार पवार परिवार में बीच राजनीतिक संघर्ष होने की उम्मीद है। ऐसे में इस सीट पर बेटी सुप्रिया सुले की जीत सुनिश्चित करने के लिए राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के प्रमुख शरद पवार ने बड़ा दांव चल दिया है। अगर शरद पवार का दांव सही पड़ा तो महायुति गठबंधन के प्रत्याशी को शिकस्त का सामना करना पड़ सकता है। भतीजे अजित पवार की बगावत और फिर बारामती से अपनी प्रत्याशी उतारने के ऐलान के बाद शरद पवार ने बड़ा दांव खेलते हुए राष्ट्रीय समाज पक्ष की तरफ दोस्ती का हाथ बढ़ाया है।

**क्यों MJ कार्ड खेल रहे हैं पवार?**

अगर राष्ट्रीय समाज पक्ष के प्रमुख महादेव जगन्नाथ जानकर **(MJ Jfkr)** अगर शरद पवार के साथ आते हैं तो सुप्रिया सुले की जीत सुनिश्चित हो जाएगी। अभी राष्ट्रीय समाज पार्टी (रासपा) महायुति में शामिल है। शरद पवार ने रासपा के प्रमुख और पूर्व मंत्री महादेव जानकार को माढा लोकसभा सीट देने का ऑफर दिया है। अगर शरद पवार का टख फैक्टर काम करता है तो वह बारामती का गढ़ सेफ कर ले जाएंगे। रासपा को पहले के चुनावों में



बारामती सीट पर काफी वोट मिलते आए हैं। इतना ही नहीं रासपा कैंडिडेट के तौर पर 2014 के चुनावों में महेश जानकार ने काफी अच्छी टक्कर दी थी। राजनीतिक हलकों में चर्चा है कि अगर बारामती में सुप्रिया सुले की हार होती है तो इस शरद पवार की हार के तौर पर देखा जाएगा। रासपा का धनगर कम्युनिटी पर काफी प्रभाव है। अगर रासपा प्रमुख पवार के साथ आते हैं तो सुप्रिया सुले की सीट सेफ हो जाएगी।

**रिजल्ट बदल सकती है रासपा**

2014 के चुनावों में सुप्रिया सुले को कुल 5.21 लाख वोट मिले थे, जोकि कुल 48.88 फीसद थे, तो वहीं रासपा प्रमुख महादेव जानकर को 4.51 लाख वोट मिले थे, जो 42.35 फीसदी थे। 2014 के चुनावों में इस सीट पर बीजेपी ने रासपा को सपोर्ट किया था। मुख्य मुकाबला एनसीपी और रासपा में हुआ था। 2009 के चुनावों में बीजेपी प्रत्याशी के होने के बाद रासपा उम्मीदवार को 14,912 वोट मिले थे। इतना ही नहीं 2004 के लोकसभा चुनाव में रासपा को 30,230 वोट हासिल हुए थे। भतीजे अजित पवार से मिली चुनौती के बाद अब पवार ने महादेव जानकार की तरफ हाथ बढ़ाया है। शरद पवार की बेटी सुप्रिया सुले अभी तीन बार इस सीट से जीत हासिल कर चुकी हैं।

### माढा सीट का क्यों दिया ऑफर?

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (SP) के प्रमुख शरद पवार ने अपने इस दांव से बीजेपी को मुश्किल में डाला दिया है। माढा सीटा पर बीजेपी का कब्जा है। अब सवाल खड़ा हो रहा है क्या बीजेपी महादेव जानकार को साथ रखने के लिए यह सीटे छोड़ेगी। पवार ने यह दांव बहुत चतुराई से खेला है। महादेव जानकार माढा सीट से लोकसभा पहुंचने का सपना देखते आए हैं। वे 2009 में यहां से चुनाव भी लड़े थे, लेकिन तब उन्हें शरद पवार के सामने हार का सामना करना पड़ा था। महादेव जानकर को तब 98 हजार वोट मिले थे। 2014 में भी इस सीट से एनसीपी को जीत मिली थी। 2019 में चुनाव में बीजेपी ने इस सीट पर कब्जा जमाया था।

## 15 साल पहले महिला मित्र से बलात्कार

### आरोपी के भाई ने जबरन कराया गर्भपात... मामला दर्ज




**ठाणे :** महाराष्ट्र में 31 वर्षीय एक शादीशुदा महिला ने दावा किया है कि 15 साल पहले जालना शहर में उसके दोस्त ने उसके साथ बलात्कार किया तथा आरोपी के भाई ने उसका जबरन गर्भपात कराया। नवी मुंबई पुलिस ने उसकी शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज कर ली है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। खंडेश्वर थाने के एक अधिकारी ने कहा कि अब तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है।

प्राथमिकी के अनुसार, पनवेल की रहने वाली महिला ने आरोप लगाया कि 2009 में जब वे लोग जालना में रह रहे थे, तब उसके परिचित रमेश अखाडे ने उसके साथ बार-बार बलात्कार किया, जिस वजह से वह गर्भवती हो गई। अधिकारी ने प्राथमिकी के हवाले से बताया कि जब महिला ने रमेश अखाडे को अपनी गर्भावस्था के बारे में बताया तो उसने और उसके भाई राजू अखाडे ने पीड़िता और उसकी मां को धमकी दी। उन्होंने कहा, राजू अखाडे ने महिला को अपने साथ नवी मुंबई के सानपाड़ा चलने के लिए मजबूर किया और वहां उसका गर्भपात कराया।

महिला ने बाद में किसी अन्य व्यक्ति से शादी कर ली लेकिन रमेश अखाडे ने उसे अपने पति से अलग होने के लिए कथित तौर पर मजबूर किया और उसे अपने साथ रहने के लिए बाध्य किया। प्राथमिकी के मुताबिक, उनके बीच मतभेद पैदा हो गए और उसने महिला को अपने घर से निकाल दिया, जिसके बाद उसने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने रविवार को शून्य प्राथमिकीदर्ज की। इसमें बलात्कार, असहमति से गर्भपात कराना, आपराधिक भयादोहन आदि के आरोप लगाए गए हैं। शून्य प्राथमिकीके तहत पीड़िता किसी भी थाने में शिकायत दर्ज करा सकती है।

## असदुद्दीन ओवैसी का कांग्रेस पर निशाना

## 'अशोक चव्हाण बीजेपी में क्यों गए ये...'

**मुंबई :** असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम मुंबई समेत महाराष्ट्र में कई सीटों पर उम्मीदवार उतार सकती है. लोकसभा चुनाव से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर ओवैसी ने विशेष बातचीत की जिसमें उन्होंने कहा कि राजनीतिक दल मुसलमानों का वोट तो लेना चाहती है लेकिन उन्हें टिकट नहीं देना चाहती. ओवैसी ने बीजेपी की ह्यबीह्व टीम बुलाए जाने पर कांग्रेस पर पलटवार करते हुए कहा कि हमारी पार्टी अमेठी में तो चुनाव लड़ने नहीं गई थी फिर आपके उम्मीदवार वहां से चुनाव क्यों हारे. ओवैसी ने मुस्लिम नेताओं को टिकट न देने का आरोप लगाते



हुए कहा कि ''महाराष्ट्र में जितने राजनीतिक दल हैं वो लोग मुस्लिम समाज को टिकट नहीं देते या कम देते हैं. जनसंख्या के हिसाब से महाराष्ट्र विधानसभा में 35 मुस्लिम विधायक होने चाहिए, अगर इस देश की सबसे बड़ी माइनोरिटी का प्रतिनिधित्व नहीं होगा तो लोकतंत्र कैसे मजबूत होगा. हमारे लोकतंत्र की सच्चाई है जिस समाज के पास राजनीतिक शक्ति नहीं होती उसका सामाजिक और आर्थिक विकास नहीं होता. हमारी कोशिश है कि लोकतंत्र को मजबूत किया जाए और उनका राजनीतिक सशक्तिकरण हो.'' महाराष्ट्र में एमआईएम कितनी सीटों पर चुनाव लड़ेगी? इस सवाल पर ओवैसी ने कहा कि पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष के साथ चर्चा चल रही है और उसके बाद घोषणा करेंगे. कांग्रेस पर हमला करते हुए ओवैसी ने कहा कि, ''आपका एक ही काम है बीजेपी को हराओ. मैं भी कहता हूं कि बीजेपी को हराओ, लेकिन मुसलमानों को सेक्युलरिज्म का कूली बनाकर नहीं रख सकते.

### हम तो नहीं गए थे फिर अमेठी क्यों हारे– ओवैसी

कांग्रेस द्वारा बीजेपी की बी टीम कहे जाने पर ओवैसी ने कहा, ''कांग्रेस यह नहीं बता सकती है कि अशोक चव्हाण क्यों गए. उनके कई नेता चले गए. उसका जिम्मेदार कौन है. उनके नेता अमेठी से हार गए मैं तो नहीं गया था वहां. जहां 35 फीसदी वोटर मुस्लिम हैं वहां चुनाव लड़ने गए. वे चाहते हैं कि मुस्लिम की पॉलिटिकल लीडरशिप नहीं बने. सबका नेता हो सकता है. मराठा का नेता, दलित का हो सकता है ओबीसी की हो सकता है लेकिन मुसलमान का नहीं होना चाहिए.''

### केवल वोट लेने तक मोहब्बत है- ओवैसी

ओवैसी की पार्टी पर वोट काटने के आरोप लगते हैं. इसको लेकर ओवैसी ने खुद जवाब दिया, ''2019 में औरंगाबाद की सीट पर इम्तियाज ने शिवसेना के 21 साल पुराने सांसद को हराया. ये तो जनता का फैसला होता है. मुझे यकीन है कि औ ंगाबाद की आवाम उन्हें सांसद बनाएगी. आप मुस्लिम को टिकट क्यों नहीं देते. पाखंड यह है कि वोट लेना चाहते हैं पर टिकट नहीं देना चाहते. कई सीट हैं मुंबई में लेकिन टिकट नहीं देना चाहते. उस हद तक मोहब्बत है लेकिन लीडर नहीं देखना चाहते. सेल्फी लीजिए, माला पहनिए और रमजान आ रहा है तो इफ्तार की पार्टी कर खजूर मुंह में डाल दीजिए यही काम है.''

## मुंबई सीमा शुल्क विभाग ने अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से जब्त किया 1.66 करोड़ रुपये का सोना



**मुंबई :** मुंबई सीमा शुल्क विभाग ने अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर चार दिनों में दस अलग-अलग मामलों में 1.66 करोड़ रुपये मूल्य का 3.03 किलोग्राम से अधिक सोना जब्त किया है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। सीमा शुल्क जोन-तृतीय ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि मुंबई सीमा शुल्क के हवाई अड्डा आयुक्तालय ने एक से चार मार्च के बीच विमान की सीट, यात्रियों के शरीर से, शौचालय से, मक्खन के पैकेट, रूमाल और यात्रियों के कपड़ों जैसे स्थानों में छुपाया गया सोना जब्त किया है। अधिकारियों ने बताया कि संदिग्ध यात्रियों के सामान की जांच के दौरान अधिकारियों को मक्खन के छोटे पैकेट, रुमाल और अन्य कपड़ों में सोना छिपा हुआ मिला।



## संपादकीय / लेख



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

# मंत्रिस्तरीय बैठक में मामूली प्रगति

विश्व व्यापार संगठन की 13वीं मंत्रिस्तरीय बैठक या एमसी13 जैसा कि आमतौर पर इसे जाना जाता है- अबूधाबी शहर में मामूली आम सहमति के साथ संपन्न हुई। डिजिटल व्यापार पर शुल्क लगाने की देशों पर लगी रोक दो साल के लिए बढ़ाने पर अंतिम समय में हुए समझौते को ही प्रतिनिधि एक छोटी-सी जीत बता सकते हैं। लेकिन सच तो यह है कि यही एकमात्र अच्छी खबर है। शनिवार तड़के तक चली बैठक के बाद जारी घोषणापत्र में यह संकेत दिया गया कि सदस्य देश डब्ल्यूटीओ के कामकाज के लिए आवश्यक सुधारों पर काम करना जारी रखेंगे। यह भारत की सबसे बुनियादी मांगों में से एक है। वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने बिल्कुल सही तरीके से यह बात रखी कि जब तक डब्ल्यूटीओ के बुनियादी कार्यों में सुधार नहीं किया जाता-जैसे कि विवाद समाधान प्रणाली- डब्ल्यूटीओ के दायरे का विस्तार करने के प्रयासों की गुंजाइश बहुत कम है। केंद्रीय तंत्र जिसके द्वारा डब्ल्यूटीओ आगे बढ़ सकता है वह यह है कि अमेरिकी प्रशासन-किसी भी पक्ष का-राष्ट्रों के बीच व्यापार विवादों पर फैसला करने वाले अपील निकाय में नए न्यायाधीशों के नामांकन पर अपनी अभूतपूर्व आपत्ति छोड़ दे। इस निकाय में 2024 तक सुधार करने का लक्ष्य था, लेकिन इस समयसीमा का पालन नहीं हो पाया। इस गतिरोध के जारी रहने की बड़ी जिम्मेदारी वॉशिंगटन में जो बाइडन प्रशासन की ही है। यहां तक कि बुनियादी जुड़ाव की भी कमी सबसे अधिक तब दिखाई दी जब अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि ने शुक्रवार को मंत्रिस्तरीय वार्ता छोड़कर जाने का फैसला किया, जबकि अन्य लोग समझौता करने की कोशिश करने के लिए रुके रहे। भारत के लिए सरकार की मुख्य प्राथमिकता यही थी कि भारत की अनाज खरीद प्रणाली का बचाव किया जाए, जिसे कि फिलहाल वह घरेलू स्तर पर सुधारने की कोशिश कर रही है। इसने पश्चिमी देशों को उतना परेशान नहीं किया जितना कि कुछ साथी विकासशील देशों को।

ब्राजील ने भारत के खिलाफ आरोप का नेतृत्व किया, जबकि थाईलैंड के प्रतिनिधि ने अनाज भंडारण पर हमला करते हुए इसे वैश्विक खाद्य कीमतों को प्रभावित करने वाला बताया। भारत के विरोध के बाद थाईलैंड को डब्ल्यूटीओ में अपने राजदूत को वापस बुलाना पड़ा। अनाज खरीद को महत्त्व देने के पुराने तरीके पर भारत की कुछ मांगें वस्तुनिष्ठ तरीके की हैं और उनमें सुधार की जरूरत है। इसी तरह मत्स्यपालन के मामले में, जरूरत से ज्यादा मछली पकड़ने पर रोक लगाना भारत के हित में है, खासकर चीन जनवादी गणतंत्र के विशाल बेड़ों द्वारा। ऐसा करने के लिए, भारत के समान छोटे पैमाने के मछली पकड़ने के लिए बेड़े रखने वाले विकासशील देशों के साथ एक गठजोड़ करना चाहिए, और पश्चिमी देशों द्वारा सब्सिडी पर प्रतिबंध लगाने के प्रयास का जवाबी प्रस्ताव पेश करना चाहिए। इसे आसानी से किया जा सकता था क्योंकि पिछले साल आयोजित एमसी12 मत्स्यपालन पर एक समझौते तक पहुंचने में विफल रहा था। इस तरह के दृष्टिकोण का खतरा दोहरा है। सबसे पहले, इसका मतलब यह है कि चीन के व्यवहार को अनुशासित करने के लिए डब्ल्यूटीओ का उपयोग करने की क्षमता का भारत लाभ नहीं उठा पा रहा। और दूसरा, यह भारत के महत्त्वपूर्ण व्यापारिक साझेदारों सहित अन्य देशों के लिए बहुल समूह (प्लूरीलैटरल ग्रुप) बनाने के लिए प्रोत्साहन बढ़ाता है जिससे वे बहुपक्षीय समझौते (मल्टीलैटरल एग्रीमेंट) की आवश्यकता से बचते हैं। ये बहुल समूह भारत को शामिल किए बिना भविष्य के व्यापार नियमों को प्रभावी ढंग से निर्धारित करेंगे। इस प्रकार, मत्स्यपालन से लेकर कृषि तक के महत्त्व के मुद्दों को उठाने की भारत की इच्छा की सराहना की जा सकती है, लेकिन बहुपक्षीय प्रणाली में बहुत लंबे समय तक गतिरोध बने रहने देना भारतीय व्यापारियों और उत्पादकों के लिए खतरनाक है।

+91 99877 75650
editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalrokthok
#faisalrokthok

# वसई विरार नगर निगम ने विकास योजना तैयार करने की प्रक्रिया कर दी शुरू ...

## 20 साल की योजना, जोड़े जाएंगे नए आरक्षण

**वसई:** वसई विरार नगर निगम ने अगले 20 वर्षों के लिए विकास योजना तैयार करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसके लिए 45 लाख की आबादी मानकर योजना बनाई जाएगी। इसमें विभिन्न विकास कार्यों के लिए नए सिरे से आरक्षण किया जाएगा। छह महीने के सर्वेक्षण के बाद नवंबर 2025 में विकास योजना प्रकाशित की जाएगी, जिसके बाद एक साल तक आपत्तियां और सुझाव मांगे जाएंगे। 25 जनवरी 2019 की अधिसूचना के अनुसार, राज्य सरकार ने सभी नगर पालिकाओं को भौगोलिक रेटिंग (जीआईएस) प्रणाली के माध्यम से विकास योजनाएं तैयार करने का निर्देश दिया था। नगर पालिका की पिछली बीस-वर्षीय विकास योजना 2021 में समाप्त हो



गई। लेकिन कोरोना काल और 29 गांवों को बाहर करने का मामला कोर्ट में लंबित होने के कारण विकास योजना तैयार करने की प्रक्रिया शुरू नहीं हो सकी थी. हाल ही में राज्य सरकार ने 29 गांवों को नगर निगम में शामिल किया है. इसलिए नगर पालिका की सीमाएं तय कर दी गई हैं और अब बिना किसी रुकावट के विकास योजना तैयार की जा सकेगी। यह विकास योजना शहरी नियोजन विभाग द्वारा तैयार की जायेगी. इस कार्य के लिए सरकार की ओर से शहरी नियोजन उपनिदेशक वाईएस रेड्डी को नियुक्त किया गया है. भौगोलिक मानक के अनुसार सर्वेक्षण पूरा होने के बाद मई 2024 तक सर्वेक्षण प्रकाशित किया जाएगा। नागरिकों को आपत्तियां एवं सुझाव मांगने के लिए एक वर्ष की अवधि दी गई है। इसके बाद 2 नवंबर 2025 को इस विकास योजना की घोषणा की जाएगी. इस विकास योजना की अवधि 2021 से 2041 तक है और इसमें अगले 20 वर्षों की योजना बनाई जाएगी।

### विकास योजना में क्या होगा?

फिलहाल शहर की आबादी 25 लाख है. अगले 20 वर्षों में यह जनसंख्या 45 लाख मानकर यह विकास योजना तैयार की जायेगी। इसे दो प्रकारों में बांटा गया है. पहले प्रकार (भौतिक) में सड़कों, फ्लाईओवरों, जल परियोजना योजनाओं आदि की योजना बनाकर आरक्षण किया जाएगा, जबकि दूसरे प्रकार (सामाजिक) में शहर में अस्पतालों, पार्कों, खेल के मैदानों आदि के लिए आरक्षण किया जाएगा। . इसके अलावा इस विकास योजना में क्लस्टर विकास योजना का भी प्रावधान किया जाने वाला है। इसके लिए नए आरक्षण किए जाएंगे, इस विकास योजना में उल्लिखित बुनियादी ढांचे के विकास के लिए हजारों करोड़ रुपये की आवश्यकता होगी। शहरी नियोजन उपनिदेशक वाईएस ने कहा कि विश्व बैंक को प्रस्ताव सौंपा जायेगा. रेड्डी ने कहा.

# लोकसभा चुनाव में राज्य में 45 सीटें जीतने का संकल्प - मुख्यमंत्री शिंदे

**मुंबई :** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने रविवार को कहा कि महायुति गठबंधन ने भारत को शीर्ष अर्थव्यवस्था बनाने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृष्टिकोण का समर्थन करने के लिए लोकसभा चुनाव में राज्य में 45 सीटें जीतने का संकल्प लिया है।शिंदे ने अपने बेटे श्रीकांत शिंदे के लोकसभा क्षेत्र कल्याण में कई परियोजनाओं का उद्घाटन किया और अन्य की आधारशिला रखी।एक सभा को संबोधित करते हुए, मुख्यमंत्री ने विभिन्न क्षेत्रों में राज्य सरकार की उपलब्धियों और ''डबल इंजन सरकार'' के लाभों पर प्रकाश डाला।

शिंदे ने कहा, ''महाराष्ट्र 45 सांसदों (48 में से) को चुनकर देश को शीर्ष अर्थव्यवस्था बनाने के पीएम मोदी के दृष्टिकोण का समर्थन करेगा।''प्रधान मंत्री ने कहा था कि भारत जल्द ही 5 ट्रिलियन अमेरिकी



डॉलर की अर्थव्यवस्था बन जाएगा और आने वाले वर्षों में दुनिया का विकास इंजन बनने के लिए तैयार है।महायुति गठबंधन के सत्तारूढ़ दलों में भाजपा, शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना और अजीत पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी शामिल हैं।शिंदे ने कहा कि हाल ही में चिकित्सा लाभ में 1.5 लाख रुपये से 5 लाख रुपये की बढ़ोतरी के साथ सभी राज्य अस्पतालों में कैशलेस सुविधाएं शुरू की जाएंगी।

उन्होंने कहा, ''मुफ्त स्वास्थ्य जांच से लगभग 4 करोड़ महिलाओं को लाभ हुआ है।''शिंदे ने कहा कि महाराष्ट्र विदेशी निवेश, बुनियादी ढांचे के विकास और सकल घरेलू उत्पाद में उल्लेखनीय योगदान देने में अग्रणी है।मुख्यमंत्री ने मुंबई-गोवा ग्रीनफील्ड सुपर एक्सप्रेसवे के निर्माण की योजना के बारे में भी बात की।उन्होंने कहा, ''चल रहे औद्योगिक विकास से 3 लाख व्यक्तियों के लिए रोजगार पैदा होने की उम्मीद है। 2024-25 का अंतरिम बजट समाज के सभी वर्गों को ध्यान में रखते हुए एक समावेशी दृष्टिकोण पर जोर देता है।'' शिंदे ने डोंबिवली में एक नए मछली बाजार, एक कैंसर-सह-प्रसूति अस्पताल और एक सभागार सहित विभिन्न पहलों के लिए भूमि-पूजन समारोह आयोजित किए।

# लाखों की ठगी... तीन साइबर अपराधी जामताड़ा से गिरफ्तार



**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र और कर्नाटक के लोगों से लाखों रुपये की ठगी करने वाले तीन साइबर अपराधियों को साइबर पुलिस ने आज जामताड़ा से गिरफ्तार कर लिया. एसपी जामताड़ा अनिमे नैतानी ने बताया कि साइबर पुलिस ने गोपनीय सूचना के आधार पर छापेमारी कर तीन साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार अपराधियों से पूछताछ की जा रही है. महाराष्ट्र और कर्नाटक से जब्त किए गए मोबाइल फोन के जरिए बड़ी संख्या में लोगों से ठगी की गई. पुलिस इन नंबरों पर कॉल कर रही है। फोन घोटाले के पीड़ितों ने इंटरनेट घोटालेबाजों द्वारा संपर्क किए जाने की सूचना दी है। घोटालेबाजों ने फर्जी बैंक टेलर बनकर लोगों को फोन किया और एटीएम नंबर मांगे। फिर उन्होंने उनसे अलग-अलग इलेक्ट्रॉनिक वॉलेट और बैंक अकाउंट की मांग की. अन्य घोटालों में उपयोगिता बिलों का भुगतान न करने और बिजली लाइनों के विच्छेदन के बारे में संदेश भेजना शामिल था। साइबर डीएसपी मंजुल खोड़ा की देखरेख में धावा दल का गठन किया गया.

# अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की प्री-वेडिंग सेलिब्रेशन में 14 करोड़ वाली घड़ी देख हैरान हो गए



**मुंबई:** भारत के जामनगर शहर में मुकेश अंबानी के बेटे अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की प्री-वेडिंग सेलिब्रेशन में दुनियाभर की तमाम मशहूर हस्तियां हिस्सा ले रही हैं. फेसबुक के संस्थापक मार्क जुकरबर्ग और उनकी पत्नी प्रिसिला चान भी प्री-वेडिंग सेलिब्रेशन में पहुंचे हैं. मार्क जुकरबर्ग और प्रिसिला चान अनंत अंबानी से मिले. इस मुलाकात के दौरान अनंत अंबानी की कलाई पर मौजूद घड़ी ने सबका ध्यान खींच लिया, जिसमें खुद मार्क जुकरबर्ग और उनकी पत्नी भी शामिल थे.अनंत अंबानी उस समय एक बेहद खूबसूरत और लग्जरी 'Audemrs Piguet Royl Ok Opefworked Skeletof' घड़ी पहने हुए थे, जिसकी कीमत लगभग 14 करोड़ रुपये बताई जा रही है. इस लग्जरी वॉच के ओपनवर्क डिजाइन से इसकी जटिल मशीनरी साफ देखी जा सकती है.



# ठाणे जिले में युवक से 28 लाख की ठगी !




**ठाणे :** बांग्लादेश की राजधानी ढाका में कपड़े के कारखाने में प्रबंधक के पद पर कार्यरत एक व्यक्ति से ठाणे जिले में अपने मूल निवास पर छुट्टियां मनाने आया था तो उस दौरान शेयर कारोबार में मुनाफे का लालच देकर कथित तौर पर उससे 28 लाख रुपए की धोखाधड़ी की गई। यह व्यक्ति अक्टूबर 2023 में छुट्टियों पर यहां आया था और उसे फेसबुक पर शेयर कारोबार में अच्छा मुनाफा मिलने की जानकारी मिली, जिसके बाद वह शेयर कारोबार करने वाले कई समूहों के साथ जुड़ गया। अधिकारी ने बताया कि उसने मोबाइल फोन पर साझा किए गए विभिन्न लिंक के माध्यम से आरोपी के निदेर्शानुसार दिसंबर 2023 में कथित तौर पर 28,22,300 रुपये का भुगतान किया। अधिकारी ने बताया कि निवेश के बावजूद उसे कोई मुनाफा नहीं मिला जिसपर उसने आरोपी से अपनी रकम मांगी पर आरोपी ने उसे कोई जवाब ही नहीं दिया।

# ईडी ने ड्रग तस्कर मामले में अली असगर शिराजी के खिलाफ आरोपपत्र किया दाखिल...

**मुंबई:** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने वित्तीय हेराफेरी मामले में ड्रग तस्कर अली असगर शिराजी के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया है। शिराजी और अन्य सहयोगियों और उनसे संबंधित कंपनियों के नाम भी आरोप पत्र में शामिल किए गए हैं। सूत्रों ने बताया कि विशेष अदालत आज इस मामले पर संज्ञान लेगी. ईडी ने हाल ही में इस मामले में 5 करोड़ 37 लाख रुपये की संपत्ति जब्त की थी. इसमें सात अचल संपत्तियां शामिल हैं और इनकी कीमत करीब पांच करोड़ रुपये है. ये संपत्तियां फ्लैट, दुकानों और जमीन के रूप में हैं और अली असगर शिराजी, महरीन शिराजी, अब्दुल समद, मनोज पटेल और भावेश शाह के नाम पर हैं। इसके अलावा राम लखन पटेल, शोभा पटेल और मेसर्स हसलर्स हॉस्पिटैलिटी प्राइवेट लिमिटेड के नाम पर 36 लाख 81 हजार रुपये के फिक्स्ड डिपॉजिट थे.



मुंबई के जोगेश्वरी पुलिस स्टेशन में नारकोटिक्स कंट्रोल एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था. मामले की जांच क्राइम ब्रांच कर रही है. उसके आधार पर ईडी मामले की जांच कर रही है. अली असगर शिराजी और सहयोगी नशीली दवाओं की तस्करी में सक्रिय थे। कॉल सेंटरों, वेबसाइट चलाने वाली टेलीकॉम कंपनियों, लॉजिस्टिक्स कंपनियों, परामर्श फर्मों और नकली दवा कंपनियों के माध्यम से नशीले पदार्थों को विदेश भेजा जाता था। अवैध शिपिंग और अन्य कंपनियों के माध्यम से बिक्री आय का शोधन किया जा रहा था। भारत में कॉल सेंटरों के माध्यम से अमेरिका और ब्रिटेन से नशीले पदार्थों की मांग की सूचना मिली थी। इसके बाद नकली दवा कंपनियां दवाएं खरीद रही थीं। इन्हें लॉजिस्टिक्स कंपनियों द्वारा भारत से बाहर ले जाया जा रहा था। नशीले पदार्थों की बिक्री से प्राप्त आय को वैध बनाने के लिए लॉजिस्टिक्स और कंसल्टेंसी फर्मों के एक नेटवर्क का उपयोग किया गया था। जांच से पता चला है कि इस गिरोह से जुड़ी कई कंपनियां अमेरिका में पेमेंट गेटवे का संचालन कर रही हैं। इसका इस्तेमाल कर यह रकम भारत लाई जा रही थी।

आरोपी अली असगर शिराजी और संबंधित व्यक्तियों और संस्थानों के खातों में भारी नकदी जमा है। ईडी को नशीले पदार्थों की बिक्री से 44 करोड़ 50 लाख रुपये की कमाई की जानकारी मिली है. इससे पहले ईडी ने इस मामले में कई जगहों पर सर्च ऑपरेशन चलाया था. इसमें से करीब 2 करोड़ 90 लाख रुपये के बैंक खाते में जमा राशि, फिक्स डिपॉजिट और सोना जब्त या फ्रीज कर दिया गया है। इस मामले में ईडी ने 5 जनवरी को शिराजी को गिरफ्तार किया था. वह फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं.

## गाड़ियों को सस्ते दाम में भेजने के नाम पर धमकी देकर उगाही

# एक स्थान से दूसरे स्थान पर गाड़ी भेजने के लिए करते थे दगाबाजी...

**मुंबई :** सस्ते दामों में गाड़ियों का पार्सल भेजने के नाम पर अलग-अलग बहाने बताकर ज्यादा पैसे वसूली करनेवाले गिरोह के तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से कार बरामद कर ली है। मामलके में तीन आरोपियों को भी गिरफ्तार किया है, जो फर्जी नाम से फोन पर बात कर दगाबाजी की। सीनियर इंस्पेक्टर ओशिवारा मोहन पाटिल की अगुआई में टीमें जांच कर रही थी और आरोपियों को पकड़ल लिया गया। शिकायतकर्ता अंधेरी पश्चिम से अपनी पुरानी मोटर कार एमएच 02 बीआर 8147, रेनॉल्ट फ्लुएंस, अपने भाई अनुपम को उपयोग करने के लिए चेन्नई भेजना चाहते थे। इसलिए उन्होंने ऑनलाइन सर्च किया, तब उन्हें जस्ट डायल वेबसाइट में सबसे पहले हनुमान कार ट्रांसपोर्ट का नंबर मिला। उसमें से उसने पंकज के मोबाइल नंबर 9896149011 और 9896149019 पर फोन किया। फोन करने पर उस व्यक्ति ने कहा कि मुंबई से चेन्नई तक कार भेजने के लिए कुल दस हजार रुपए लगेंगे।

इसके बाद शिकायतकर्ता ने आरोपी पंकज द्वारा भेजे गए क्यूआर कोड पर पांच हजार रुपए भेजे। फिर 12 फरवरी 2023 को शिकायतकर्ता ने हनुमान कार ट्रांसपोर्ट कंपनी के आरोपी पंकज को फोन किया और पूछताछ की कि उसकी कार चेन्नई पहुंच गई है या नहीं। आरोपी ने कार देने के लिए शिकायतकर्ता से कुल



31576 रुपए की मांग की और अलग अलग कारण बताकर कर की डिलीवरी पैसे मिलने पर ही करने के लिए कहा। उसने शिकायतकर्ता को कहा कि यदि वह भुगतान नहीं करता, तो उसकी कार आगे नहीं भेजेगा और उसे डराया गया था कि उक्त कार पारस्परिक रूप से कोलकाता भेज दी जाएगी। उसने खुद को हनुमान कार ट्रांसपोर्ट कंपनी का कर्मचारी बताकर विश्वास हासिल कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के लोकेशन प्राप्तकर उन्हें अलग अलग इलाके से गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों का नाम इमरान अब्दुल गणी पठाण (34), हनुमान दयानंद भारद्वाज (45) और पंकज हनुमान भारद्वाज (22) है।

**दस हजार रुपए में कंटेनर में भेजनेवाला था कार**

उसने शिकायकर्ता की कार को 10 हजार रुपये की निश्चित राशि पर एक कंटेनर के माध्यम से मुंबई से चेन्नई तक सुरक्षित पहुंचाने के लिए कहा था। लेकिन उसने कार को कंटेनर से भेजने के बजाय सड़क चालक के माध्यम से भेज दिया, उसने शिकायतकर्ता से अलग अलग फर्जी बिल भेजकर अधिक राशि मांगी और चेन्नई तक कार की सुरक्षित डिलीवरी के लिए छब्बीस हजार पांच सौ छिहत्तर रुपये भी मांगे।

# पालघर जिले में मानसिक रोगियों की जानकारी एकत्र कर समीक्षा की जायेगी - पुलिस अधीक्षक

**पालघर:** पालघर के पुलिस अधीक्षक बालासाहेब पाटिल ने संवाददाताओं से कहा बोइसर के पास कुडान में दो बुजुर्ग भाइयों की हत्या के पीछे के सटीक कारण की पुलिस जांच करेगी। ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति और जिले में रहने वाले मानसिक रूप से बीमार लोगों के जीवन को खतरे से बचाने के लिए, पुलिस तंत्र एकत्र करेगा। जिले के सभी मानसिक रूप से बीमार लोगों की जानकारी और उनकी वर्तमान स्थिति की समीक्षा करें।



29 फरवरी को कूदन में हुए दोहरे हत्याकांड के बाद हिरासत में लिए गए आरोपी को तुरंत सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया. पुलिस अधीक्षक बालासाहेब पाटिल ने बताया कि खजान इलाके में पानी में छिपे इस हत्यारे के पेट से कम से कम ढाई लीटर पानी और तलछट निकाला गया. अस्पताल से रिहा होने के बाद उन्हें आज पालघर की एक विशेष अदालत में पेश किया गया और सात दिनों की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया। शिवाजीनगर (सलावद) निवासी आरोपी एक केमिकल फैक्ट्री में काम करता था। अपने परिवार से विवाद के कारण उन्होंने घर छोड़ दिया और कूदन में एक चीकू के पेड़ के नीचे रहने लगे। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पहले भीमराव पाटिल की हत्या उनके निवास से अनुपस्थित रहने के कारण की गई और फिर उनके बड़े भाई की फावड़े से हमला कर बेरहमी से हत्या कर दी गई, जब उनके बड़े भाई भीमराव पाटिल को खोजने के लिए मुकुंद आ रहे थे।

यदि आपके मोहल्ले में कोई अजनबी व्यक्ति पाया जाता है तो उसकी वर्दी नजदीकी पुलिस थाने को सौंपने का निर्देश दिया गया है और इसे प्रभावी ढंग से लागू किया जाना चाहिए। इसके लिए सभी बीट एनफोर्सर्स और पुलिस पाटिल को निर्देश दिए गए हैं. उन्होंने यह भी कहा कि भविष्य में जिले के विभिन्न हिस्सों में रहने वाले मानसिक रोगियों की जानकारी एकत्र कर समीक्षा की जाएगी. बालासाहेब पाटिल ने कहा कि जिला प्रशासन की मदद से मानसिक रोगियों को स्वास्थ्य विभाग द्वारा जांच के बाद समाज कल्याण विभाग की मदद से मानसिक अस्पतालों में भर्ती कराने का प्रयास किया जाएगा. उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि पुलिस बल सतर्क रहेगा ताकि घटना व्यक्तिगत प्रकृति की हो और नागरिक अफवाहें न फैलाएं और यह घटना अजनबियों पर हमले में न बदल जाए। बताया जा रहा है कि बोईसर उपमंडल पुलिस अधिकारी विकास नाइक हत्या मामले की जांच कर रहे हैं।

# विपक्षी दलों को तोड़ने की राजनीति अब नहीं चलेगी। ‘जुमला’ का नाम बदलकर ‘गारंटी’ कर देना चाहिए - उद्धव ठाकरे

**मुंबई :** शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने रविवार को भाजपा की आलोचना करते हुए कहा कि अन्य सियासी दलों को कमजोर करने की उसकी नीति टिकाऊ नहीं है। उन्होंने भाजपा या प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नाम लिए बगैर कहा कि विपक्षी दलों को तोड़ने की राजनीति अब नहीं चलेगी।

महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री ने इस बात पर हैरानी जताई कि भाजपा के लोकसभा उम्मीदवारों की पहली सूची



में नितिन गडकरी जैसे वरिष्ठ नेता का नाम शामिल नहीं था। जबकि, सूची में कृपाशंकर सिंह को सूची में जगह दी गई है, जो पहले धनशोधन मामले में आरोपी थे। कृपाशंकर सिंह को भाजपा ने आगामी लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश की जौनपुर सीट से चुनावी मैदान में उतारा है।

एक दिन पहले भाजपा ने लोकसभा चुनाव के लिए 195 सीट पर अपने उम्मीदवारों के नाम का एलान किया। हालांकि, पार्टी ने महाराष्ट्र की 48 सीट के लिए अपने उम्मीदवारों की घोषणा नहीं की है। ठाकरे ने भाजपा या प्रधानमंत्री का नाम लिए बगैर कहा कि विपक्षी दलों को तोड़ने की राजनीति अब नहीं चलेगी। ‘जुमला’ का नाम बदलकर ‘गारंटी’ कर देना चाहिए। सूची का जिक्र करते हुए उन्होंने केंद्रीय मंत्री गडकरी के साथ अपने पिछले सहयोग का जिक्र किया, जिन्होंने मुंबई-पुणे एक्सप्रेस को पूरा करने में तेजी दिखाई थी। इस परियोजना को शिवसेना के संस्थापक बालासाहेब ठाकरे ने शुरू किया था।



# पब में भू-माफियाओं के साथ पार्टी करना दो नगर निगम इंजीनियरों को पड़ा महंगा

## बाद नगर पालिका ने उन्हें आनन-फानन में कर दिया निष्कासित

**वसई:** भू-माफियाओं के साथ पब में पार्टी करना और युवतियों के साथ डांस करना दो नगर निगम इंजीनियरों को महंगा पड़ गया। इस मामले का वीडियो वायरल होने के बाद नगर पालिका ने उन्हें आनन-फानन में निष्कासित कर दिया है. इन दोनों पर नगर पालिका की छवि खराब कर कर्तव्य में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया गया है। बर्खास्त किए गए दोनों इंजीनियरों के नाम भीम रेड्डी और मिलिंद शिरसाट हैं।



वसई विरार नगर निगम के पेल्हार डिविजन के कॉन्ट्रैक्ट इंजीनियर भीम रेड्डी और चंदनसर डिवीजन के कॉन्ट्रैक्ट इंजीनियर मिलिंद शिरासाथ नाम के दो इंजीनियरों की एक वीडियो क्लिप वायरल हो गई है। दोनों को वसई विरार शहर में अवैध निर्माण में शामिल भू-माफियाओं के साथ एक पब में पार्टी करते देखा गया था। उनके साथ कुछ युवतियाँ नृत्य कर रही थीं। इस वीडियो के वायरल होते ही हड़कंप मच गया. नगर निगम ने इसे गंभीरता से लिया और दोनों को नगर निगम से बाहर कर दिया गया है. ये दोनों इंजीनियर अतिक्रमण विभाग में कार्यरत थे. हालाँकि, अतिक्रमणकारी भूमाफियाओं के साथ पार्टी करना बहुत गंभीर है। नगर पालिका के अतिरिक्त आयुक्त रमेश मनाले ने बताया कि सार्वजनिक स्थानों पर डांस कर उन्होंने नगर पालिका की छवि खराब की है, इसलिए दोनों को निष्कासित कर दिया गया है. उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि यदि कोई भी अपने कर्तव्य में विफल रहेगा तो सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# कुल्हाड़ी से पहले बेटियों फिर पत्नी को काटा

**मुंबई :** चंद्रपुर जिले में दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई है। यहां एक शख्स ने अपनी पत्नी व दो बेटियों को कुल्हाड़ी से काटकर उनकी दर्दनाक हत्या कर दी। आरोपी शख्स ने हत्या की घटना को अंजाम देने के बाद सुसाइड करने की कोशिश की। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। उससे हत्या करने के कारणों को पूछा जा रहा है। इस वीभत्स घटना से इलाके के लोग दहल गए हैं। घटना जिले के नागभीड तहसील के एक गांव की है। पुलिस ने तीनों मृतक मां-बेटी के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। नागभीड पुलिस घटना की जांच कर रही है। हत्या का मकसद अभी तक सामने नहीं आया है। आरोपी ने पहले अपनी दोनों बेटियों की हत्या की थी।

# एमएमआरडीए ने जारी की मेट्रो लाइन 12 के लिए निविदा




**मुंबई :** महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण (एमएमआरडीए) ने रविवार को घोषणा की कि उन्होंने मुंबई मेट्रो लाइन 12 (ठाणे-भिवंडी-कल्याण) को नवी मुंबई के तलोजा क्षेत्र तक विस्तार के लिए एक निविदा जारी की है. एमएमआरडीए के बयान में कहा गया है कि मुंबई महानगर क्षेत्र में जनसंख्या वृद्धि, विकास और रोजगार वृद्धि को ध्यान में रखते हुए, मुंबई महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण ने आवश्यक परिवहन नेटवर्क का पूरी तरह से अध्ययन करने के बाद वर्ष 2008 में एक व्यापक परिवहन अध्ययन पूरा किया। इसके अलावा, कल्याण डोंबिवली की बढ़ती जनसंख्या को देखते हुए और आसपास के विकास, 27 गांवों की विकास योजना, कल्याण विकास केंद्र और नैना का क्षेत्र और कल्याण डोंबिवली को नवी मुंबई से जोड़ने की तात्कालिकता, मुंबई महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण (एमआरपीडीए) ठाणे-भिवंडी-कल्याण) मेट्रो लाइन प्रस्तावित है। कल्याण से तलोजा (डोंबिवली के माध्यम से) तक बढ़ाया जाएगा, एक निर्माण ठेकेदार की नियुक्ति के लिए निविदा जारी कर दी गई है और नियुक्ति की प्रक्रिया जारी है। अपने मीडिया बयान में, एजेंसी ने लिखा कि कल्याण-डोंबिवली क्षेत्र और नवी मुंबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे क्षेत्र में कनेक्टिविटी बढ़ाने और विकास को बढ़ावा देने के लिए विस्तार की योजना बनाई गई है। एजेंसी ने कहा कि 22.173 किमी और 19 स्टेशनों की कुल लंबाई के साथ, विस्तार परियोजना अक्टूबर 2025 तक पूरी होने की उम्मीद है, जिसकी अनुमानित लागत 5,865 करोड़ रुपये है।

# मुंबई-नागपुर समृद्धि हाईवे पर गड्ढों की तकनीकी जांच...

## तीन-चार दिन में भर जाएंगे गड्ढे





**मुंबई :** मुंबई-नागपुर समृद्धि राजमार्ग पर अमरावती के नंदगांव खंडेश्वर तालुका में लोहगांव के पास पुल पर एक बड़ा गड्ढा बन गया है. महाराष्ट्र राज्य सड़क विकास निगम (टरफ्छ्ब) ने इस गड्ढे की मरम्मत का काम अपने हाथ में ले लिया है, वहीं दूसरी ओर इस गड्ढे की तकनीकी जांच के आदेश भी दे दिए गए हैं. रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। समृद्धि राजमार्ग के 701 किमी में से, नागपुर से भारवीर तक 600 किमी लंबा राजमार्ग वर्तमान में यातायात सेवा में है। नागपुर से शिरडी चरण 13 महीने पहले यानी दिसंबर 2022 में शुरू किया गया था। इसी चरण में अमरावती में एक पुल धंस गया है. महज 13 महीनों में समृद्धि में गिरावट आई है और काम की गुणवत्ता और यात्रियों और ड्राइवरों की सुरक्षा पर सवाल उठाए जा रहे हैं। एमएसआरडीसी के सूत्रों के मुताबिक, जिस जगह पर गड्ढा गिरा है, वहां एक भारी वाहन का टायर बदला जा रहा था. उसके लिए जैक लगाया गया था. प्रारंभिक जांच में पता चला है कि कंक्रीट इसके दबाव के कारण उखड़ गई थी। गड्ढायुक्त चरण में सड़क का कार्य ठेकेदार कंपनी एनसीसी द्वारा किया गया है।

इस बीच गड्ढे के चारों ओर अस्थाई दीवार खड़ी कर ट्रैफिक डायवर्ट कर दिया गया है। साथ ही गड्ढे की मरम्मत का कार्य भी शुरू कर दिया गया है. एमएसआरडीसी ने बताया है कि अगले तीन-चार दिनों में मरम्मत पूरी हो जाएगी और यातायात सुचारू हो जाएगा. जब एमएसआरडीसी के प्रबंध निदेशक अनिल कुमार गायकवाड़ से इस बारे में पूछा गया तो उन्होंने बताया कि गड्ढे की तकनीकी जांच के आदेश दे दिए गए हैं। यह तकनीकी जांच नागपुर मंडल के मुख्य अभियंता से कराई जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि जांच से गड्ढे का सही कारण स्पष्ट हो जाएगा, जिसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी.

# कंपनी में पैसों का हुआ गबन... फर्जी चालान बनाकर पैसे गायब

**मुंबई :** माता रमाबाई अंबेडकर (एमआरए) मार्ग पुलिस ने 7.74 करोड़ रुपए के गबन के आरोप में हिंद ऑफशोर प्राइवेट लिमिटेड के बिजनेस हेड कंसल्टेंट रितेश फनार्डीस को गिरफ्तार किया है। फर्नांडीस ने कथित तौर पर कंपनी के भीतर अपने पद का दुरुपयोग किया और इसके निदेशक मनीष मधुसूदन क्षीरसागर को धोखा दिया और संबद्ध कंपनियों को कारोबार बढ़ाने और कमीशन भुगतान का झूठा वादा किया। 2017 और 2023 के बीच,




फनार्डीस ने कथित तौर पर कंपनी को नकली चालान जमा किए, जो किसी भी वास्तविक ऑर्डर के अनुरूप होने में विफल रहे। 2021 में, उसने कथित तौर पर प्रबंधक को नियॉन कंसल्टेंट, एक कंपनी जिसमें वह एक भागीदार है, उनके साथ एक ऑर्डर देने के लिए मजबूर किया, जिससे उनका और फायदा उठाया गया। पुलिस का दावा है कि फर्नांडिस ने अपने रिश्तेदारों के जाली हस्ताक्षरों का उपयोग करके फर्जी चालान बनाए और कंपनी को 7.74 करोड़ रुपये का चूना लगाया। कंपनी ने 12 दिसंबर, 2023 को पुलिस थाने धोखाधड़ी की शिकायत दी, जिसमें शुरूआत में 3.82 करोड़ रुपये के नुकसान का अनुमान लगाया गया था।

# ठाणे के पॉश रिहायशी इलाके में मसाज सेंटर के नाम पर देह व्यापार का धंधा...!

**डोंबिवली:** ठाणे इम्मोरल 'मन ट्रैफिकिंग सेल के अधिकारियों ने खुलासा किया है कि ठाणे के पूर्वी हिस्से में मानपाड़ा रोड पर शंखेश्वर हाउसिंग कॉम्प्लेक्स में मसाज सेंटर के नाम पर वेश्यावृत्ति का धंधा चलाया जा रहा है. इस मामले में पुलिस ने शुक्रवार को नवी मुंबई के उल्वे में मसाज सेंटर चलाने वाली महिला के खिलाफ तिलकनगर पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया है.

मसाज सेंटर चलाने वाली आरोपी महिला की पहचान जयश्री प्रमोद मुंढे के रूप में हुई है। वह संखेश्वर होम कॉम्प्लेक्स के फ्लैट नंबर 6, पहली मंजिल पर संस्कृति ब्यूटी एंड मेडी स्पा नाम से



मसाज सेंटर चला रही थी। इस सेंटर से दो पीड़ित महिलाओं को पुलिस ने बचाया है. पुलिस की जांच में पता चला कि घर की आर्थिक स्थिति और रोजी-रोटी को देखते हुए ये महिलाएं इस अनैतिक धंधे में उतरी थीं। ठाणे के अनैतिक मानव तस्करी सेल की वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक चेतना चौधरी से शुक्रवार को एक अज्ञात व्यक्ति ने संपर्क किया। सूचना मिली थी कि डोंबिवली के मानपाड़ा रोड पर शंखेश्वर होम कॉम्प्लेक्स के एक फ्लैट में मसाज सेंटर के नाम पर देह व्यापार का धंधा चलाया जा रहा है. यह सेंटर संस्कृति ब्यूटी एंड मेडी स्पा शॉप के नाम से चलाया जाता था। इस सेंटर में मसाज के लिए एक हजार रुपए और बॉडी केयर के लिए एक हजार पांच सौ रुपए चार्ज किए जाते थे। मसाज सेंटर को दो हजार पांच सौ रुपये का भुगतान किया जाता था और इस सेंटर का संचालक प्रभावित महिला को ग्राहक की पसंद के अनुसार मसाज उपलब्ध कराता था।


मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिन्टिंग प्रेस, गाला नं.4, एन. के. इंडस्ट्रीयल इस्टेट, प्रवासी इंडस्ट्रीयल इस्टेट के अंदर, गेट नं. 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 400063 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : शॉप नंबर ४ , मदीना मेंशन, ८९ ए, कैडल रोड, अपोजिट बिल्लाबोंग स्कूल, माहिम पश्चिम, मुंबई ४०००१६ , महाराष्ट्र मोबाइल नं 998777 5650 व्हाट्सप्प नं 7977408589: Email-editor@rokthoklekhaninews.com